प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–गाजीपुर ।

पत्रांकः एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / गाजीपुर / 2019–20 / 9199 दिनांक 06.02.2020

**विषय–दिनांक 20 से 23 जनवरी , 2020 में राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के सम्बन्ध में।**

महोदया,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–SPMU/NHM/M&E/2019-30/18/3883-2 दिनांक 30.07.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। मिशन निदेशक के निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 20 से 23 जनवरी 2020 तक जनपद गाजीपुर का भ्रमण कर जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया तथा समीक्षा कर विस्तृत आख्या एवं वित्तीय अभिलेखों की निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी है।

राज्य स्तरीय दल द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या एवं वित्तीय अभिलेखों की निरीक्षण रिपोर्ट पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही करते हेतु बिन्दुवार अनुपालन आख्या राज्य स्तर पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ ही इसके पूर्व दिनांक 27–30 अगस्त 2019 में की गयी सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या अभी अप्राप्त है, जिसे इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीया,

O/c (जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / गाजीपुर / 2019–20 / 9199-6 तददिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद गाजीपुर ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वाराणसी, मण्डल– वाराणसी को निर्देशित किया जाता है कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षक के दौरान पायी गयी समस्त कमियों का निराकरण 15 दिनों के अन्दर करवाना सुनिश्चित करें।
4. समस्त महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से कि अपने कार्यक्रम से सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही हेतु जनपद को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन0एच0एम0, वाराणसी ।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद गाजीपुर को इस निर्देश के साथ कि उक्त आख्या का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

O/c (जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

## जनपद भ्रमण आख्या
## दिनांक 20.01.2020 से 23.01.2020

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या– SPMU/NHM/M&E/2019-30/18/3883-2 दिनांक 30.07.2019 के क्रम में पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक 20 से 23 जनवरी 2020 को राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा जनपद गाजीपुर का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है–

1. रणधीर सिंह सहायक अभियंता निर्माण, अनुभाग एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
2. श्री वाहिद रिजवी, इन्टर्नल ऑडिटर, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
3. श्री नरेन्द्र कुमार सिंघल, परामर्शदाता, नर्सिग सेल, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।

जनपद की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण जिला कार्यक्रम प्रबन्धक इकाई के डी0पी0एम0, एम0एच0, कन्सलटेन्ट तथा डी0ए0एम0 के साथ जिला की निम्न इकाईयों पर भ्रमण किया गया–

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– अँधऊ**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 24.12.2019 से मेडिकल ऑफीसर नही है। फार्मासिष्ट के द्वारा मरीजो को दवा दी जा रही है। | मेडिकल ऑफीसर को सम्बन्धित इकाई पर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया । | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराया जा रहा है परन्तु प्रसव कक्ष में फूट स्अेप्स, प्रसव टेबल पर गद्दा चदार, दीवार घड़ी, ए0सी0, एमर्जेन्सी सेवन ट्रे, तकिया एवं कैलिसपैड पंक्चर था। | प्रसव कक्ष को मानक अनुसार बनाने हेतु चिकित्सा प्रभारी को सुझाव दिये। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| प्रसव कक्ष में सभी 16 प्रोटोकाल पोस्टर में से कोई भी पोस्टर उपलब्ध नही थे। | एम0एच0, कन्सलटेन्ट को अवगत कराया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| सिटिजन चाटर का डिसप्ले नही था। | लगाने हेतु निर्देशित किया गया। | फार्माशिष्ट |
| चिकित्सालय में शिकायत पेटिका नहीं लगायी गयी है। | लगाने हेतु निर्देशित किया गया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| चिकित्सालय के मुख्य द्वार से प्रसव कक्ष हेतु साइनेज समुचित रूप से नहीं लगाये गये थे। | | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| स्वास्थ्य इकाई पर कोल्ड चैन रूम होने के उपरान्त भी पावर कट होने पर जनरेटर नही चलाया जा रहा था, न ही इस सम्बन्ध में कोई भी रिकार्ड नही पाया गया। | स्वास्थ्य इकाई पर ही भ्रमण दल द्वारा रजिस्टर बनवाया गया एवं नियमित अद्यतन सूचना भरने हेतु निर्देश दिया गया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– बिरनो**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| स्वास्थ्य इकाई की सामने एवं एक साइड की चहारदीवारी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त एवं अपूर्ण पायी गयी। सी0एच0सी0 के चारो तरफ झाड़िया एवं गांव के लोगो द्वारा उपले बनाये जा रहें है, जोकि स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नही है। | चिकित्सा प्रभारी को जे0ई0 से बात कर आगणन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर स्ट्रेचर, व्हील चेयर, कन्डम बाक्स में कन्डम उपलब्ध नहीं था। | सभी आइटमों को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| लेबर रूम में 16 प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे है। प्रसव कक्ष में डिजिटल वाच, थर्मामीटर नही था, प्रसव टेबिल पर मैट्रिक्स एवं कलर कोटेड बेडशीट नही पायी गयी, किसी भी कर्मचारी के पास ग्लब्स, मास्क, अपरन नही थे एवं कैलिसपैड पंक्चर था। लेबर रूम में एल्बो टैब नहीं लगा है। | एम0एच0 कन्सलटेन्ट को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुसार प्रसव कक्ष में समस्त आइटम उपलब्ध कराया जाये। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| वार्ड में बेड शीट नहीं बदली जा रही थी तत्काल बदलवाया गया। | नर्स स्टॉफ को निर्देशित किया गया कि नियमित बेड शीट बदलीं जायें। | नर्स स्टॉफ |
| अस्पताल में शिकायत निवारण तत्र उपलब्ध नही है। | | |
| सी0एच0सी0 पर 32 स्टॉफ उपस्थित थे परन्तु स्वास्थ्य इकाई का मंथली लोड 8 था, जोकि उचित प्रतीत नही होता है। मैस स्वास्थ्य इकाई पर उपलब्ध नही थी, जे0एस0एस0के0 भोजन रजिस्टर समुचित रुप से तैयार नहीं किया जा रहा है। परन्तु जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत स्वीकृत बजट से वेन्डर को पेयमेन्ट किया जा रहा है। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया कि समस्त समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण करें। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| वार्ड में लगाया गया टेलीविजन अक्रियाशील अवस्था में था। स्वास्थ्य इकाई पर कोल्ड चैन रूम होने के उपरान्त भी पावर कट होने पर जनरेटर नही चलाया जा रहा था, न ही इस सम्बन्ध में कोई भी रिकार्ड नही पाया गया। | स्वास्थ्य इकाई पर ही भ्रमण दल द्वारा रजिस्टर बनवाया गया एवं नियमित अद्यतन सूचना भरने हेतु निर्देश दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| जननी सुरक्षा योजना व जननी शिशु सुरक्षा योजना के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार अत्यन्त कम किया गया था। | | |

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– मरदह**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई का अभाव था। इकाई के चारो तरफ झाड़–झाड़िया थी, जोकि स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुचित है। | साफ–सफाई हेतु एम0ओ0 को सुझाव दिया गया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| नसबन्दी कैम्प के समय महिलाओं को परिसर के जमीन पर लिटाया गया था, जोकि उचित नही था। राज्य टीम द्वारा तुरन्त ही बेड पर लिटाने का बोला गया। भविष्य में ऐसा न हो इसके लिये निर्देशा दिये गये। | | |
| ए0एन0सी0 वार्ड में शौचालय में पानी नही आ रहा था। बेडों पर कलर कोटेड बेड शीट नही उपयोग की जा रही है। प्राइवेसी हेतु पर्दे नही पाये गये, न ही टी0वी0 था। | समस्त कार्यों को ठीक कराने का सुझाव दिया गया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| प्रसव कक्ष में कोई भी स्टॉफ मानकानुसार यूनिफार्म में नही पाये गये। | | |
| स्टॉफ नर्सों द्वारा प्रसव रजिस्टर में इन्ट्री नही की जा रही थी। सभी नर्स पर्सनल रजिस्टर बनाये हुये थे। | | |

| | | |
|---|---|---|
| लेबर रूम में 16 प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे है। प्रसव कक्ष में डिजिटल वाच, थर्मामीटर नही था, प्रसव टेबिल पर कलर कोटेड बेडशीट नही पायी गयी एवं कैलिसपैड पंक्चर था। लेबर रूम में एल्बो टैब नहीं लगा है। | एम0एच0 कन्सलटेन्ट को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुसार प्रसव कक्ष में समस्त चीजों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| पावर कट होने पर जनरेटर नही चलाया जा रहा था, न ही इस सम्बन्ध में कोई भी रिकार्ड नही पाया गया। | स्वास्थ्य इकाई पर ही भ्रमण दल द्वारा रजिस्टर बनवाया गया एवं नियमित अद्यतन सूचना भरने हेतु निर्देश दिया गया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |

**स्वास्थ्य उपकेन्द्र/एच0डब्लू0सी0, चंदीपुर।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 उपस्थित थी एवं सी0एच0ओ0 ट्रेनिंग पर गये थे। | | |
| उपकेन्द्र पर दी जाने वाली सुविधाओं का लेखन नही कराया गया है एवं सी0एच0ओ0 रूम अव्यवस्थित था। | कक्ष को व्यवस्थित करने हेतु ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की ब्रान्डिंग मानक के अनुसार नही की गयी। | मनक अनुसार ब्रान्डिंग करने हेतु वेन्डर को निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 |
| सी0एच0ओ0 ऑफिस में ओ0पी0डी0 रजिस्टर, एन0सी0डी0 रजिस्टर, इन्टर्नल रजिस्टर नही था। | | सी0एच0ओ0 |
| जन्म के समय टीकाकरण नही किया जा रहा है। | | ए0एन0एम0 |
| वेल्नेस सेन्टर में अलमीरा नही था। | | |
| प्रसव कक्ष में फूट स्एप्स, प्रसव टेबल पर गद्दा चदार, दीवार घड़ी, ए0सी0, एमर्जेन्सी सेवन ट्रे, तकिया एवं कैलिसपैड पंक्चर था। | एम0एच0 कन्सलटेन्ट को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुसार प्रसव कक्ष में समस्त चीजों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। | सी0एच0ओ0 |
| खतरे वाली गर्भवती को ए0एन0एम0 द्वारा चिन्हित नही किया जा रही है और कोई दस्तावेज भी उपलब्ध नही थे। | | ए0एन0एम0 |
| एच0आर0पी0 की सूची नही तैयार की जा रही है। | | ए0एन0एम0 |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– मनिहारी ।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सा इकाई में साफ सफाई अच्छी थी परन्तु प्रसव कक्ष को ओ0टी0 में एवं ओ0टी0 को प्रसव कक्ष में सिफ्ट किये जाने के कारण व्यवस्थायें अस्त व्यस्थ थी। | | |
| लेबर रूम में 16 प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे है। प्रसव कक्ष में कलर कोटेड बेडशीट नही पायी गयी, सतस्त नर्स स्टॉफ छुट्टी पर थे। प्रसव ए0एन0एम0 द्वारा कराये जा रहे थे। किसी भी कर्मचारी के पास ग्लब्स, मास्क, अपरन नही थे, टेबल टू टेबल प्राइवेसी पार्टिशन नही थे एवं कैलिसपैड पंक्चर था। लेबर रूम में एल्बो टैब नहीं लगा है। | एम0एच0 कन्सलटेन्ट को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुसार प्रसव कक्ष में समस्त चीजों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। | |

| | | |
|---|---|---|
| अस्पताल में शिकायत निवारण तत्र उपलब्ध नही है। | | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर स्ट्रेचर, व्हील चेयर, उपलब्ध नहीं था। | उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिये गये। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| मैस स्वास्थ्य इकाई पर उपलब्ध थी, जे0एस0एस0के0 भोजन रजिस्टर समुचित रुप से तैयार नहीं किया जा रहा है। | | इकाई चिकित्सा प्रभारी |
| स्वास्थ्य इकाई पर कोल्ड चैन रूम होने के उपरान्त भी पावर कट होने पर जनरेटर नही चलाया जा रहा था, न ही इस सम्बन्ध में कोई भी रिकार्ड नही पाया गया। | स्वास्थ्य इकाई पर ही भ्रमण दल द्वारा रजिस्टर बनवाया गया एवं नियमित अद्यतन सूचना भरने हेतु निर्देश दिया गया। | इकाई चिकित्सा प्रभारी |

**जिला महिला चिकित्सालय, गाजीपुर ।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष में डिजिटल वाच, थर्मामीटर नही था, प्रसव टेबिल पर मैट्रिक्स एवं कलर कोटेड बेडशीट नही पायी गयी, किसी भी कर्मचारी के पास ग्लब्स, मास्क, अपरन नही थे एवं कैलिसपैड पंक्चर था। । | चिकित्सा अधीक्षक अपने स्तर समस्त कमियों का निस्तारण 01 सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा था | मैट्रन को पार्टोग्राफ भरे जाने का निर्देश दिया गया | |
| किशोरी स्वास्थ्य परामर्शदाता के कक्ष में कोई भी दवा एवं ऊचाँई नापने का मीटर, उपलब्ध नही थी। | तत्काल फार्मासिस्ट को मांगपत्र जमा कर आयरन काल्सिउल एंड सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करायी गयी | |
| जनपद द्वारा उपलब्ध RCH रजिस्टर में अस्पताल का डाटा नहीं भरा जा रहा था अलग से एक रजिस्टर में डाटा अंकन हो रहा था एवं प्रसव रजिस्टर में मासिक रिपोर्ट नही बनायी जा रही थी। | RCH रजिस्टर पर अंकन तत्काल प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित किया जाय एवं प्रत्येक माह इसको बनाया जाना सुनिश्चित कराया जाय। | अस्पताल प्रबंधक |
| प्रसव कक्ष में सभी 16 प्रोटोकाल पोस्टर में से कोई भी पोस्टर उपलब्ध नही थे। | जननी सुरक्षा योजना के प्रशासनिक मद से 16 प्रोटोकॉल पोस्टर प्रिंट करा के लेबर रूम में लगाया जाये। | |
| लाभार्थियों से वार्ता करने पर एवं मैस की स्थिति चैक करने से ज्ञात हुआ कि उन्हें जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत नाश्ते के रूप में चाय, ब्रेड एवं लंच में चावल की खिचड़ी प्रदान तो किया जा रहा है परन्तु क्वालिटी बहुत ही खराब थी एवं वेंडर द्वारा थाली एवं डिसपोजल में खाना नही दिया जा रहा है। जे0एस0एस0के0 भोजन रजिस्टर समुचित रुप से तैयार नहीं किया जा रहा है। | तत्काल वेंडर के प्रतीनिधि को बुला कर भोजन दिलवाया गया एवं भविष्य में सभी बेड पर जा कर भोजन दिया जाये ताकि सभी लाभार्थियों को भोजन मिल सके । | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| पी.एन.सी. वार्ड में कोई आई.ई.सी. नहीं लगी थी एवं न ही नर्स स्टॉफ के द्वारा नियमित कलर कोटेड बेडशीट नही लगायी जा रही है। | | |
| SNCU में सभी स्वीकृत रेडियंट वार्मर क्रियाशील थे। | | |
| हेल्प डेस्क की स्थापना मानकानुसार नहीं की गयी थी साथ ही राज्य स्तर से उपलब्ध कराये गये | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महोदय को हेल्प डेस्क की | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रोटोटाइप के अनुसार हेल्प डेस्क पंजिका नहीं बनायी गयी थी। | सीपना मानकानुसार कराये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| सेवाप्रदाता द्वारा तैनात कर्मचारियों के पास पहचान–पत्र एवं यूनिफार्म को धारण नहीं किये हुये थे एवं अधिकतर कर्मचारियों द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये रजिस्टरों में डाटा इन्ट्री नही की जा रही है। | सेवाप्रदाता को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से निर्देशित करने का सुझाव दिया गया कि कर्मचारी पहचान–पत्र (नाम, पता एवं आयु) व यूनीफार्म में सेवा प्रदान करना सुनिश्चित करें। | |
| वार्ड के बरामदे में स्टाफ द्वारा बाइक खड़ी की जा रही हैं। | भ्रमण के दौरान टीम द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी महोदय को सुझाव दिया गया कि वार्ड को मरीजों के सुगम आवागमन हेतु बनाये रखा जाये। | |

- दिनांक 23.01.2020 को मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ बैठक की गयी एवं भ्रमण के समय स्वास्थ्य इकाईयों पर पायी गयी कमियों के बारे में अवगत कराया गया एवं इन कमियों का निराकरण करने हेतु सुझाव दिये गये।
- बैठक में राज्य स्तरीय दल द्वारा सुझाव दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु रक्षित की गयी धनराशि की सूचना राज्य स्तर पर ससमय प्रेषित कर दी जाये।
- टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में जनपद की स्थिति सबसे निम्नतम होने के कारण अतिरिक्त प्रयास करते हुये प्राथमिकता प्रदान किये जाने की आवश्यकता है।
- जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के लम्बित भुगतान को कराये जाने हेतु रणनीति तैयार करते हुये शतप्रतिशत भुगतान किये जाने का सुझाव दिया गया।
- आशा प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान बी.सी.पी.एम.–एम.आई.एस.के माध्यम से शतप्रतिशत व ससमय नहीं किया जा रहा है तथा आशा वाउचर को सक्षम स्तर से हस्तक्षारित नहीं किया जा रहा है जिसे दिशा–निर्देशों के अनुसार कराये जाने का सुझाव दिया गया।

03/02/2020

(श्री वाहिद रिजवी)
इन्टर्नल ऑडिटर,
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0

Randhir 03/02/2020

(ई0 रणधीर सिंह)
सहायक अभियंता, निर्माण अनुभाग
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0